हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 132 देहरादून, बुधवार, 15 नवंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



गौचर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत करने की घोषणा : मुख्यमंत्री 3

# सीएम ने ली हाई लेवल मीटिंग, राहत की रफ्तार तेज़





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 15 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के सिलक्यारा के पास टनल में फंसे श्रमिकों के बारे में अधिकारियों से निरंतर जानकारी ले रहे हैं। राहत एवं बचाव के कार्यों में लगी एजेंसियों से भी मुख्यमंत्री हर पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मौके पर तैनात जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं वहां पर कार्य कर रही एजेंसियों से निरन्तर समन्वय बनाकर रखें, राहत सामग्री की किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर, शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

**भूस्खलन जांच टीम भी मैदान में डटी**

उत्तराखंड सरकार के द्वारा सिलक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए निदेशक उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल विशेषज्ञों ने स्थल का निरीक्षण कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच समिति में शामिल विशेषज्ञों का यह दल बीते दिन ही घटनास्थल पर पहुँच गया था। दल के द्वारा सुरंग एवं इसके ऊपर की पहाड़ी का सर्वेक्षण किया जा रहा है।

विशेषज्ञों के इस दल यूएसडीएमए देहरादून के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, वाडिया इंस्टिट्यूट ऑफ हिमालय जियोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. खइंग शिंग ल्युरई, जीएसआई के वैज्ञानिक सुनील कुमार यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक सीबीआरआई रुड़की कौशिल पंडित, उपनिदेशक भूतत्व एवं खनिजकर्म विभाग जी.डी प्रसाद और भूवैज्ञानिक यूएसडीएमए देहरादून तनड्रिला सरकार शामिल हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन द्वारा सिलक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए निदेशक उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल विशेषज्ञों ने स्थल का निरीक्षण कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। राहत एवं बचाव के कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव अग्रवाल, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी ए.पी. अंशुमन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं अपर सचिव जे.सी. काण्डपाल उपस्थित थे।

# आज बंद हो जाएंगे केदारनाथ धाम के कपाट



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चारधाम यात्रा अपने अंतिम चरण में है। शीतकाल का आरंभ हो चुका है। इसके साथ ही धाम के कपाट को बंद करने की प्रक्रिया भी शनिवार से शुरू हो गई है। बाबा केदार के रक्षक द्वारपाल माने जाने वाले भैरव नाथ के कपाट बंद कर दिए गए। इससे पहले भकुंड भैरव नाथ की पूजा-अर्चना हुई। इसके पश्चात यज्ञ-हवन किया गया।

**श्री केदारनाथ धाम का कपाट आज बंद किया जाएगा :** श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि केदारनाथ धाम में स्थित बाबा भैरवनाथ जी के कपाट बंद होने के बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने तक श्री केदारनाथ यात्रा चलती रहेगी। शनिवार दोपहर 12 बजे तक भगवान केदारनाथ के दर्शन होंगे। उसके पश्चात साफ-सफाई के बाद मंदिर दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेगा। मंदिर समिति के पुजारी, धर्माचार्य, वेदपाठी, अधिकारीगण और तीर्थ-पुरोहित भैरवनाथ जी के कपाट बंद करने के लिए भैरव शिला प्रस्थान करेंगे।

# सिलक्यारा सुरंग भूस्खलन के अध्ययन में जुटी जांच टीम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 15 नवंबर , उत्तराखंड सरकार के द्वारा सिलक्यारा सुरंग में हुए भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए निदेशक उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल विशेषज्ञों ने स्थल का निरीक्षण कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच समिति में शामिल विशेषज्ञों का यह दल बीते दिन ही घटनास्थल पर पहुँच गया था। दल के द्वारा सुरंग एवं इसके ऊपर की पहाड़ी का सर्वेक्षण किया जा रहा है।

विशेषज्ञों के इस दल यूएसडीएमए देहरादून के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, वाडिया इंस्टिट्यूट ऑफ हिमालय जियोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. खइंग शिंग ल्युरई, जीएसआई के वैज्ञानिक सुनील कुमार यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक सीबीआरआई रुड़की कौशिल पंडित, उपनिदेशक भूतत्व एवं खनिजकर्म विभाग जी.डी प्रसाद और भूवैज्ञानिक यूएसडीएमए देहरादून तनड्रिला सरकार शामिल हैं।





# Cyber फ्रॉड करने वाले वॉट्सऐप पर ज्यादा एक्टिव, ऐसे बचें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , वॉट्सऐप पर हर दिन करोड़ों यूजर्स एक्टिव रहते हैं, यही वजह है कि अब फ्रॉड करने वाले वॉट्सऐप पर ज्यादा एक्टिव हो गए हैं. आप भी अगर लूटने से बचना चाहते हैं तो आज ही जान लें कि आखिर फ्रॉड करने वाले कौन-कौन से मैसेज भेजकर लोगों को जाल में फंसाने का काम करते हैं.वॉट्सऐप दुनियाभर में इस्तेमाल होने वाला सबसे पॉपुलर ऐप है, इस ऐप पर हर दिन करोड़ों यूजर्स एक्टिव रहते हैं. यही वजह है कि स्कैमर्स या फिर कह लीजिए फ्रॉड करने वाले अब लोगों को ठगने के लिए वॉट्सऐप का भी इस्तेमाल करने लगे हैं. आप लोगों की एक छोटी सी गलती आपका बैंक अकाउंट खाली करा सकती है.सिक्योरिटी कंपनी McAfee ने हाल ही में ग्लोबल स्कैम मैसेज स्टडी को जारी किया है, इस रिपोर्ट में McAfee ने स्मार्टफोन यूजर्स को अलर्ट करते हुए बताया है कि आखिर किस तरह से फ्रॉड करने वाले वॉट्सऐप पर लोगों को ठगने का काम करते हैं.

82 प्रतिशत लोग कर रहे गलती

82 प्रतिशत भारतीय वॉट्सऐप पर आने वाले फेक मैसेज के झाल में आसानी से फंस जाते हैं. केवल इतना ही नहीं, हर दिन लोगों को कम से कम 12 फेक मैसेज नॉर्मल मैसेज, ईमेल और सोशल मीडिया के जरिए भेजे जाते हैं.पहला मैसेज, फ्रॉड करने वाले लोगों को जाल में फंसाने के लिए मैसेज भेजते हैं कि आप इनाम जीते हैं और फिर इनाम भेजने के बहाने लोगों से निजी जानकारी आदि मांग लेते हैं.

इस तरह के मैसेज 99 फीसदी फेक होते हैं जो केवल आप लोगों की मेहनत की कमाई चुराने के लिए किए जाते हैं.दूसरा मैसेज, एक बात हमेशा याद रखिए कि कोई भी कंपनी आपको वॉट्सऐप पर नौकरी का ऑफर नहीं देगी. फ्रॉड करने वाले बेहतर सैलरी बेनिफिट्स दिलाने के नाम पर आपको जाल में फंसाने का काम करते हैं. अगर आपके पास ऐसा कोई भी फेक जॉब नोटिफिकेशन या ऑफर आए तो अलर्ट हो जाएं.तीसरा मैसेज, यदि आपको किसी अनजान नंबर से मैसेज आए कि आपकी KYC डिटेल पूरी नहीं है, आप इस लिंक पर क्लिक कर केवआईसी डिटेल को कंप्लीट करें तो समझ जाइए कोई आपको लूटने की कोशिश कर रहा है.ऐसा इसलिए क्योंकि कोई भी बैंक आपको वॉट्सऐप पर मैसेज भेज KYC कंप्लीट करने के लिए नहीं कहेगा और न ही कोई बैंक आपसे आपकी निजी जानकारी जैसे कि ओटीपी आदि मांगेगा. अगर आप भी इनमें से कोई भी गलती कर बैठे तो आपका बैंक अकाउंट भी खाली हो सकता है.




# लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस में होता है अंतर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस सीधे आपके जीवन से जुड़े होते हैं। दोनों ही मृत्यु या बीमारी की स्थिति में फाइनेंशियल प्रोटेक्शन उपलब्ध कराते हैं लेकिन इन दोनों में फर्क है। लाइफ इंश्योरेंस का नेचर हेल्थ इंश्योरेंस (Health Insurance) के मुकाबले थोड़ा अलग है। आइए, यहां हम इन दोनों के बीच के फर्क को समझ लेते हैं।

मुख्य फायदा : लाइफ इंश्योरेंस (Life Insurance) में बीमा राशि का भुगतान व्यक्ति के नामांकित व्यक्ति यानी नॉमिनी को किया जाता है। जबकि हेल्थ इंश्योरेंस के तहत बीमारियों, मैक्सिमम कवरेज राशि तक लिमिटेड मेडिकल कंडीशन और दूसरी स्थितियों के लिए इलाज का खर्च शामिल है।


अतिरिक्त लाभ : लाइफ इंश्योरेंस में कस्टमर को मेच्योरिटी या सरेंडर बेनिफिट्स मिलते हैं। इसके अलावा, इसमें लॉयल्टी भी शामिल होती है। हालांकि यह सब इसमें अपनी पसंद का विषय है। लेकिन हेल्थ इंश्योरेंस (Health Insurance) में कुछ में नो क्लेम बोनस जोड़ा जा सकता है। कुछ फ्री स्वास्थ्य जांच की भी सुविधा मिल सकती है।

टैक्स छूट में भी अंतर : लाइफ इंश्योरेंस में किए गए निवेश पर इनकम टैक्स कानून के Section 80C, Section 10(10D) के तहत टैक्स छूट मिलती है। जबकि हेल्थ इंश्योरेंस के तहत इनकम टैक्स कानून के Section 80D के तहत टैक्स छूट मिलती है।

किस तरह का होता है कवर : लाइफ इंश्योरेंस में व्यक्तिगत या ग्रुप कवर के दायरे में आते हैं। हेल्थ इंश्योरेंस (Health Insurance) में व्यक्तिगत, फैमिली या ग्रुप कवर के दायरे में आते हैं।

प्लान के प्रकार : लाइफ इंश्योरेंस में टर्म प्लान, सेविंग्स, चाइल्ड से जुड़े या रिटायरमेंट से जुड़े प्लान होते हैं, जबकि हेल्थ इंश्योरेंस में व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजनाएं, गंभीर बीमारी कवरेज मिलती है।

जरूरत : लाइफ इंश्योरेंस (Life Insurance) में अगर कस्टमर की असामयिक मृत्यु हो जाती है तो उस स्थिति में आपके परिवार के लिए एक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। आप अपने बाद उनका जीवन बनाए रखने में उनकी मदद कर सकते हैं। हेल्थ इंश्योरेंस में बीमार होने पर हॉस्पिटलाइजेशन और इलाज का खर्च कवर होता है।




# कार दुर्घटना से बचायेगा कार क्रैश डिटेक्शन सर्विस, पूरी जानकारी पढ़िए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , अधिकांश मामलों में सड़क दुर्घटना में लोगों की जन चली जाती है। वक्त रहते मेडिकल असिस्टेंस नहीं मिल पाने के कारण मौत हो जाती है। जल्दी लोग सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने के लिए तैयार भी नहीं होते हैं। उन्हें लगता है कि इस चक्कर में हमें पुलिस और कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ेंगे। पुलिस, कोर्ट और सरकार तक मदद देने वालों लोगों को बेवजह परेशान न करने की बात कह चुकी है लेकिन इसके बावजूद लोगों के अंदर बैठा भय उन्हें किसी की जान बचाने तक से रोक देता है।


लेकिन अब गूगल के टेक्नोलॉजी से आपको किसी और की मानवीय मदद की जरुरत नहीं पड़ेगी। ये आपको कार दुर्घटना से बचायेगा। गूगल ने एंड्रॉयड यूजर्स के लिए कार क्रैश डिटेक्शन सर्विस की शुरुआत भारत में भी कर दी है। अभी तो ये सेवा स्टॉक फोन यानि की पिक्सल के लिए शुरु हुई है। धीरे-धीरे तमाम स्मार्टफोन यूजर्स के स्मार्टफ़ोन में ये सुविधा उपलब्ध होगी।

**कार क्रैश डिटेक्शन सर्विस से गूगल बचायेगा आपकी जान**

कार क्रैश डिटेक्शन सर्विस का यह फीचर फिलहाल तो पिक्सल यूजर्स के लिए काम करेगा। इस फीचर का यह काम है कि दुर्घटना की स्थिति में पिक्सल तेजी से वाइब्रेट करेगा और फुल साउंड में अलार्म बजने लगेगा। इसके बाद ऑटोमैटिक तरीके से इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नबंर पर कॉल चला जाएगा। इसके अतिरिक्त गूगल लोकल इमरजेंसी सर्विस-112 पर भी कॉल कर देगा जिससे कि बिना किसी की मदद के दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के पास इमरजेंसी सेवा पहुंच सकेगी।

**इमरजेंसी सर्विस पर कब लगेगा कॉल**

कार क्रैश के बाद फोन के स्क्रीन पर "I'm Okay" का ऑप्शन दिखेगा। इस पर क्लिक करने के बाद आपको 60 सेकेंड मिलेंगे और 3 विकल्प दिखाई देंगे। No crash", "Minor crash", और "Call 112"। आपको जो ठीक लगे उस वक्त आप उस पर क्लिक कर सकते हैं। फिलहाल ये फीचर Pixel 6a, Pixel 7, Pixel 7 Pro, Pixel 7a, Pixel 8 और Pixel 8 Pro में उपलब्ध है।



# गौचर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत करने की घोषणा : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गौचर , 15 नवंबर , गौचर में 71वीं राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का शानदार आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौचर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गौचर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण करने की घोषणा भी की।गौचर मेले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले हमारे जीवन में इंद्रधनुषी रंगों की तरह हैं और जीवन में ताजगी और उत्साह भर देते हैं। प्राचीन समय में, जब संचार और परिवहन की कोई ऐसी सुविधाएं नहीं थीं, तो इन मेलों ने सामाजिक ताने-बाने को बुनने में बहुत मदद की और लोगों का सामाजिक और व्यावहारिक दायरा बढ़ाया।

गौचर मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण हमारे राज्य का एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है। उन्होंने मेले को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, रोपवे कनेक्टिविटी, हवाई कनेक्टिविटी सहित ऊर्जा एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में चारधाम सड़क परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाईन का निर्माण तथा निर्माणाधीन रोपवे परियोजनाएं इस बात का उदाहरण हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का ''विकल्प रहित संकल्प'' के साथ कार्य किये जा रहे हैं। इस संकल्प के कुछ पड़ाव हमने पार कर लिए हैं पर अभी बहुत काम करना बाकी है।





मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने, प्रदेश की महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून और सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने का काम किया है। राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए प्रदेश और प्रदेश का हित सर्वोपरि है। प्रदेश में किसी भी वर्ग का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड को देश का एक 'श्रेष्ठ राज्य' बनाने के लिए सभी के सहयोग और मार्गदर्शन करते रहने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजपाल सिंह बिष्ट को गोविन्द प्रसाद नौटियाल पत्रकार सम्मान और "विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान, उत्तराखण्ड" को पंडित महेशानन्द नौटियाल शिक्षा और साहित्य प्रसार सम्मान से सम्मानित भी किया। क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल एवं मेला उपाध्यक्ष अंजू बिष्ट ने गौचर मेले का शुभारंभ करने पर मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया और मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए समस्याओं के निदान के लिए मांग पत्र भी दिया।

गौचर मेले में पहले दिन रावल देवता की पूजा के बाद प्रातः स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। मेलाध्यक्ष/जिलाधिकारी हिमांशु खुराना द्वारा झंडारोहण कर मार्चपास की सलामी ली गई। गौचर मेला मुख्य द्वार से चटवापीपल पुल तक एवं वापसी उसी रूट से होते हुए मुख्य मेला द्वार तक क्रास कण्ट्री दौड़ का आयोजन किया गया। खेल मैदान में बालक एवं बालिकाओं की दौड़, नेहरू चित्रकला प्रतियोगिता, शिशु प्रदर्शनी और शिक्षण संस्थाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या पर रात्रि को प्रसिद्ध जागर गायिका श्रीमती बसंती बिष्ट द्वारा लोकगीत, नृत्य और जागर के साथ ही गायक जितेंद्र तुमक्याल और श्वेता मेहरा द्वारा कुमांऊनी नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। गौचर मेले में पारम्परिक पहाडी संस्कृति से सजा पांडाल मेलार्थियों के बीच खासे आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

मेले के उद्घाटन के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, सांसद अजय टम्टा, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, राज्य मंत्री रमेश गडिया, पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह, कर्णप्रयाग ब्लाक प्रमुख/मेला उपाध्यक्ष चन्द्रेश्वरी देवी, गौचर नगर पालिका अध्यक्ष/मेला उपाध्यक्ष अंजू बिष्ट, कर्णप्रयाग नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, जिलाधिकारी/मेलाध्यक्ष हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्र, एडीएम डा.अभिषेक त्रिपाठी, मेलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह देव आदि सहित बडी संख्या में मेलार्थी मौजूद थे।

# गौचर मेले में मुख्यमंत्री धामी ने पंडित नेहरू को याद किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गौचर , 15 नवंबर , विश्व प्रसिद्ध राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारम्भ किया । जनपद आगमन पर गौचर हवाई पट्टी में मौजूद जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव (IPS) द्वारा उनकी अगवाई की गयी। मुख्यमंत्री ने सैरिमोनियल ड्रेस से सजे चमोली पुलिस के जवानों का मान प्रणाम ग्रहण किया गया।

ऐतिहासिक गौचर मेला मैदान पहुँचने पर मुख्यमंत्री ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गौचर मेला उत्तराखंड की विशिष्ट एवं बहुआयामी संस्कृति को प्रदर्शित करता है। मेले हमारी लोक संस्कृति और सामाजिक सरोकार को बनाए रखने के आधार हैं। हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिले लोकपर्व की इस परंपरा को अगली पीढ़ियों





तक बढ़ाने की जरूरत है। सात दिवसीय गौचर मेले में उच्च स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा।

गौचर मेला अपने ऐतिहासिक व्यापार मेले के रूप में जाना जाता है। गढ़वाल के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर के सुझाव पर माह नवंबर, 1943 में प्रथम बार गौचर में व्यापारिक मेले का आयोजन शुरू हुआ तथा बाद में धीरे-धीरे इसने औद्योगिक विकास मेले एवं सांस्कृतिक मेले का स्वरूप धारण कर लिया। यह मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण उत्तराखंड व विश्व में प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय है।

# सीएम धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर की गायों की पूजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 नवंबर। सीएम धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में गायों की पूजा की। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को पर्व की बधाई दी। इस बार अमावस्या तिथि दो दिन होने की वजह से गोवर्धन पूजन 14 नवंबर को मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में गायों की पूजा की। पूजा के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। वहीं दूसरी तरफ आज गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजन करने का विधान है। इस तिथि को अन्नकूट के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस दिन घरों में अन्नकूट का भोग बनाया जाता है। गोवर्धन पूजा का पर्व दिवाली के दूसरे दिन मनाया जाता है लेकिन इस बार अमावस्या तिथि दो दिन होने की वजह से गोवर्धन पूजन 14 नवंबर को मनाया जा रहा है। इस दिन श्रीकृष्ण के स्वरूप गोवर्धन पर्वत ( गिरिराज जी ) और गाय की पूजा का विशेष महत्व होता है। गोवर्धन, वृंदावन और मथुरा सहित पूरे बृज में इस दिन जोर-शोर से अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव कार्तिक प्रतिपदा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है। इस बार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 13 नवंबर दिन सोमवार से दोपहर 2 बजकर 56 मिनट से हो रही है और तिथि का समापन 14 नवंबर दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजकर 36 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि को मानते हुए गोवर्धन पूजन 14 नवंबर को मनाया जाएगा।



# आईफोन यूजर्स फोन लेते समय रखें इन बातों का ध्यान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , आईफोन यूजर्स फोन खरीदते समय टेंशन में रहते हैं कि फोन नकली तो नहीं या सेकंड हैंड ले रहे हैं तो ज्यादा पुराना तो नहीं है. ऐसी कई सारे ख्याल दिमाग में आते हैं. वैसे ये डर होना भी ठीक है इतने पैसे खर्च करेगें तो 100 प्रतिशत सेटिसफेक्शन मिलना जरूरी है. वैसे तो आईफोन कई सारे सिक्योरिटी फीचर्स के साथ आता है, लेकिन फिर भी कुछ सेटिंग आपको मैनुअली चेक कर लेनी चाहिए. आज हम आपको कुछ ऐसे सीक्रेट कोड बताएंगे जिन्हें अगर आप फोन में डालकर चेक कररेंगे तो आपको फोन की सारी डिटेल्स मिल जाएंगी.

चूंकि मोबाइल ने लंबे टाइम से अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा (USSD) कोड का इस्तेमाल किया है. ये एस्टैरिक्स और हैशटैग्स के साथ नंबर्स की एक सीरीज की तरह दिखते हैं. इन नंबर्स को डायलर में फोन नंबर की तरह डायल किया जाता है. इन कोड जालते ही आपको कुछ ऐसी डिटेल्स देखने को मिल जाएंगी जो नॉर्मली सीक्रेट होती हैं.

**IMEI नंबर चेक करने के लिए**


अपने iPhone का IMEI नंबर चेक करने के लिए आपको फोन के डायलर में *#06# लिख कर ओके करें. इसके बाद आपके फोन की IMEI डिटेल्स आपकी स्क्रीन पर शो हो जाएंगी. सभी फोन में एक इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (IMEI) नंबर होता है. ये हर डिवाइस के लिए यूनिक नंबर होता है.

**कॉलर ID ऐसे हाइड करें**

जिस फोन नंबर पर आप कॉल करने वाले हैं, उसे डायल करने से पहले आप USSD कोड का यूज करके अपनी कॉलर आईडी को हाइड कर सकते हैं. इसके लिए सबसे पहले, #31# डायल करें इसके बाद अपने एरिया कोड के साथ फोन नंबर डालें और कॉल कर दें.

**इनकमिंग कॉल डायवर्ट करने के लिए**

अगर आप किसी किसी दूसरी कॉल पर बिजी हैं तो आप इनकमिंग कॉल को किसी दूसरे नंबर पर डायवर्ट कर सकते हैं. ये ज्यादातर तब फायदेमंद होता है जब आपका iPhone नेटवर्क कवरेज से बाहर होता है या फिर आप फोन रिसीव नहीं करना चाहते हैं. ऐसे में आप इसे किसी दूसरे नंबर पर डायवर्ट कर सकते हैं.




# क्यों सिंगल रहना पसंद करने लगी हैं लड़कियां

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , आजकल युवाओं की शादी को लेकर सोच काफी बदल गई है। अब उन्हें अपने करियर, पैशन और प्राथमिकताओं के साथ कोई समझौता नहीं करना। यही वजह है कि ज्यादातर लोग या तो लेट शादी करते हैं या फिर शादी जैसे बंधनों से दूर भागने लगे हैं। खासतौर से लड़कियों की सोच में पिछले कुछ वक्त में बहुत बदलाव आया है। अब वो किसी भी कीमत पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं है। उन्हें वो सब चाहिए जिसकी वो हकदार हैं। भले ही इसके लिए सालों इंतजार करना पड़े या फिर जिंदगी भर अकेले रहना पड़े। खैर, यह जानना काफी दिलचस्प है कि आखिर उन महिलाओं के दिमाग में क्या चल रहा है जो 30 की उम्र में भी सिंगल हैं और बहुत खुश हैं।

करियर पर फोकस करना- जो महिलाएं अपने करियर को लेकर सोचती हैं। लाइफ में कुछ करना चाहती हैं वो जल्द बंधन में बंधना पसंद नहीं करतीं। 30 की उम्र में भी जो लड़कियां सिंगल हैं वो अपने करियर पर ध्यान दे रही हैं। उनके अंदर जुनून है आगे बढ़ाने का जिसमें उनकी किसी के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है। उन्हें अपनी लाइफ में पूरी आजादी चाहिए। हालांकि



कई बार उन्हें सामाजिक दबाव और अपेक्षाएं भी सहनी पड़ जाती हैं।

30 की उम्र में डेटिंग करना- आजकल लड़कियां 30 की उम्र में भी डेटिंग कर रही हैं। हालांकि ये किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। सिंगर रहने की एक वजह आजकल कई तरह की डेटिंग एप्स भी बन रही हैं जहां बिना कमिटमेंट के लोग एक दूसरे के साथ रहते हैं। ये लोग जिम्मेदारियों और किसी एक बंधन में बंधकर नहीं रहना चाहते हैं।

अपने लिए प्यार ढूंढना- आजकल की पीढ़ी खुद से प्यार करती है। लड़कियां खुद अपनी खुशियों को पूरा करना जान गई हैं। लंबे समय तक सिंगल रहने से खुद को जानने और प्यार करने का मौका मिलता है। दोस्त और परिवार उनका साथ देने के लिए काफी हैं। लंबे समय तक सिंगल रहने के वजह कई बार ब्रेकअप या रिलेशनशिप में मिला धोखा भी हो सकता है।

कम पर समझौता नहीं- आजकल लड़कियों की सोच बदल गई है उन्हें खुश रहने और पूर्ण होने के लिए किसी साथी की आवश्यकता नहीं है। अपने करियर पर ध्यान देने, अपने शौक को पूरा करने और दोस्त बनाने पर ध्यान लगाते हैं। लड़कियों के मन में ये डर है कि क्या वो जैसा चाहती हैं वैसा पार्टनर मिलेगा या नहीं। और यही नहीं उन्हें सिंगल रहने की ओर लेकर जाता है।

# ज्यादा मटन खाने वाले सावधान ! घेर लेगी ये गंभीर बीमारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , यदि आप बहुत ज्यादा मटन का सेवन करते हैं तो इस खबर को एक बार अवश्य पढ़ लें। केवल मटन ही नहीं अगर आप रेड मीट की कैटिगरी में आने वाले किसी भी प्रकार के मीट का सेवन तय बार से अधिक करते हैं, तो यह आपके लिए बहुत घातक हो सकता है। आप इसका सेवन करने से ऐसे रोग से पीड़ित हो सकते हैं जो आपको पूरी जिदंगी परेशान करेगा।

रेड मीट जैसे कि गाय का मांस (बीफ), सुअर का मांस (पोर्क), बछड़े का मांस, हिरन का मांस और बकरी का मांस (मटन) सप्ताह में दो बार खाने वाले व्यक्तियों को डायबिटीज का खतरा सबसे अधिक रहता है। कई शोध में ये पाया गया है कि जो लोग रेड मीट ज्यादा खाते हैं उनमें सबसे अधिक डायबिटीज होने का खतरा बना रहता है।




टाइप 2 डायबिटीज के मामलों का विश्लेषण करने पर यह और भी ज्यादा देखने को मिला है। इसके बाद अध्ययन के परिणामों में यह दावा किया जा रहा है कि जो लोग प्रति सप्ताह महज दो बार भी लाल मांस खाते हैं, उन्हें टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित रिसर्च हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के रिसर्चर्स ने किया। इस रिसर्च में 2 लाख 16 हजार 695 लोगों ने भाग लिया था। 36 सालों में हर दो से चार सालों में एनालिसस किया। इसमें सामने आया कि जिन लोगों ने अधिक मात्रा में रेड मीट का सेवन किया उन्हें टाइप 2 डायबिटीज हो गया। इनमें 22 हजार लोग शामिल थे।विशेषज्ञों का कहना है कि रेड मीट खाने के बजाय आप इसकी जगह प्लांट बेस्ड प्रोटीन (यानी कि वेजेटेरियन) स्रोतों जैसे नट्स और फलियां या फिर मामूली मात्रा में डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे कि दूध-दही खायें। प्रोटीन के शाकाहार विकल्प लेने की कोशिश करें। इससे टाइप 2 डायबिटीज होने का कम से कम खतरा रहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नई टिहरी सब्जियों के दाम बढने से बढ़ी मुश्किल

नई टिहरी। नई टिहरी में बीते माह के मुकाबले नवबंर माह में सब्जियों की कीमत में बढ़ोत्तरी हुई है। किचन में सब्जी और दाल का जायका बढ़ाने वाले प्याज की कीमत सीधे दोगुनी पहुंच गई है। जिसके कारण लोग प्याज की खरीदारी कम मात्रा में कर रहे हैं। नई टिहरी में प्याज और आलू के साथ अन्य सब्जियों की कीमत में करीब 10 से 20 रुपये तक का इजाफ हुआ है, प्याज की कीमत बीते माह के मुकाबले इस माह करीब दोगुनी हो गई है। नई टिहरी के सब्जी विक्रेता धनपाल सिंह पंवार ने बताया दीपावली से पूर्व ही सब्जी मंड़ी में सब्जियों के दामों में कुछ इजाफ हो गया था,लेकिन प्याज की कीमत सबसे अधिक बढ़ी है। सब्जियों के दाम बढने से ग्राहक सीमित मात्र में सब्जियों की खरीदारी करते है,उम्मीद है, जल्द सब्जियों के दामों में कमी होगी। वहीं गृहणी मंजू रावत और पुष्पा सकलानी ने बताया कि नई टिहरी में आम दिनों के मुकाबले इन दिनों सब्जियों के दाम बढ़ हुये है, जिसके चलते वह सीमित मात्रा में सब्जियों की खरीद कर रही हैं।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ के स्थानातंरण पर भडक़े लोग

नई टिहरी। जिला चिकित्सालय बौराड़ी से स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का स्थानातंरण किये जाने पर नागरिक मंच से जुड़े लोगों ने रोष जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्थानातंरण शीघ्र निरस्त करने की मांग की है। जिला अस्पताल बौराड़ी में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का स्थानातंरण किये जाने पर नई टिहरी नागरिक मंच अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल के नेतृत्व में मंच के पदाधिकारियों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उक्त चिकित्सक का स्थानातंरण तत्काल निरस्त करने की मांग की है,ऐसे न करने पर मंच पदाधिकारियों ने विरोध करने की बात कही है। मंच अध्यक्ष ने कहा कि जिला चिकित्सालय में पहले ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी है, ऐसे में स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्थानातंरण किया जाना मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करना है। कहा चिकित्सालय में एक मात्र स्त्री रोग विशेषज्ञ थी,जिसका भी स्थानातंरण कर दिया गया है। मंच के महामंत्री जगजीत सिंह नेगी ने कहा कि बीते जून माह में पीपीपी मोड़ से जिला अस्पताल के हट जाने के बाद अस्पताल में चिकित्सकों के साथ अन्य कर्मचारियों की कमी बनी है, बावजूद शासन स्तर से जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों का स्थानातंरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा जिला अस्पताल में शहरी क्षेत्र के साथ दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज आते है, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण उन्हें ऋषिकेश और देहरादून का रुख करना पड़ता है। मंच पदाधिकारियों से मुख्यमंत्री से स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्थानातंरण निरस्त करने के साथ अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की अस्पताल में तैनाती की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मंच संरक्षक चंडी प्रसाद डबराल, कमल सिंह महर, किशोरी लाल चमोली, चत्तर सिंह, त्रिलोक चंद रमोला, नरोत्तम जखमोला आदि उपस्थित थे।

### गौचर मेले में होंगी पूर्व सैनिकों की समस्याएं हल

रुद्रप्रयाग। आईबीईएक्स बिग्रेड से सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों एवं सैनिक विधवाओं के लिए गौचर मेले में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें उनकी समस्याओं का निस्तारण करना है, साथ ही उन्हें सेना व सिविल विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अनेक जानकारियां दी जाएंगी। 6 ग्रिनेडियर के कर्नल हितेश वशिष्ट ने बताया कि 18 नवम्बर को गौचर में समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन राज्य विभाग एवं राज्य सैनिक बोर्ड के सामंजस्य के साथ किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों तथा सैनिक विधवाओं की विभिन्न समस्याओं का निवारण करना है। साथ ही समारोह स्थल पर ही सेना व सिविल विभागों द्वारा स्टाल लगाकर तथा व्यक्तिगत ध्यान देकर उनकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके अलावा समारोह में गढ़वाल राईफल अभिलेख कार्यालय द्वारा पेंशन संबंधी जानकारी भी स्टॉल लगाकर दी जाएगी।

### असम के मुख्यमंत्री की पत्नी ने किए बाबा केदार के दर्शन

रुद्रप्रयाग। भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा की धर्मपत्नी पत्नी रिनिकी भुयन तथा अन्य पारिवारिक जनों ने मंगलवार को भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। वह बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के साथ हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। अजेंद्र अजय ने अतिथियों का स्वागत किया। मंदिर दर्शनों के बाद उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस मौके पर बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, कार्याधिकारी आरसी तिवारी पुजारी शिवलिंग तथा तीर्थपुरोहित समाज के सदस्य मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री के परिजन बुधवार को कपाट बंद के अवसर पर मौजूद रहेंगे।

### आज बंद होंगे केदारनाथ धाम के कपाट

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ के कपाट आज भैया दूज पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद बाबा केदार की उत्सव डोली छह महीने के लिए शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान होगी। जहां छह महीने शीतकाल भगवान केदारनाथ की पूजा अर्चना की जाएगी। कपाट बंद होने के बाद आज डोली रात्रि विश्राम के लिए रामपुर पहुंचेगी।केदारनाथ में कपाट बंद की बदरी-केदार मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# 36 लाख के सरकारी धन के गबन के इनामी को चमोली पुलिस ने किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 15 नवंबर : अजय कुमार निरीक्षक डाकघर उपमंडल गोपेश्वर जनपद चमोली ने कोतवाली जोशीमठ में बाद विभागीय जांच लिखित तहरीर दी कि रवि रंजन पुत्र रंजीत प्रसाद निवासी सोहसराय जिला नालन्दा बिहार जो कि दिनांक 19/08/2011 से 13/02/2020 तक चमोली मंडल के विभिन्न डाकघरों में उप पोस्टमास्टर/डाक सहायक के पद पर नियुक्त रहा व वर्ष 2020 में स्थानांतरण के पश्चात डाक मण्डल बिहार गया के लिए रिलीव हो गया। जनपद चमोली में अपनी कार्य अवधि के दौरान विभिन्न डाकघरों में नियुक्त रहते हुए अभियुक्त के द्वारा डाकघर में जमा होने वाली पीएलआई धारकों की पीएलआई किस्तें अपने डाक विभाग के सॉफ्टवेयर मैक्कामिष का दुरुपयोग कर उक्त पीएलआई की रकम जिसमें 16 लाख रु0 डाकघर सुनील व डाकघर जोशीमठ के तथा 20 लाख रुपए डाकघर फतेहपुर जनपद गया बिहार के कुल 36 लाख रुपए लगभग डाकघर के कोष में जमा न करने एवं सरकारी धन के गबन करने के संबंध में कोतवाली जोशीमठ में मु0अ0सं0-08/23 धारा 409 भादवि पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव (IPS) द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने तथा किसी भी सूरत में भ्रष्टाचारियों को न बख्शें के सख्त दिशा निर्देश देते हुए प्रकरण की संवेदनशीलता के दृष्टिगत पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद शाह के नेतृत्व में अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा बिहार राज्य के जनपद गया व नालंदा में अभियुक्त उपरोक्त के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तो ज्ञात हुआ की दिनांक 25.11.2021 को फतेहपुर डाकघर से उक्त आपराधिक कृत्य के लिए अभियुक्त को निलंबित किया गया था, जिसके पश्चात अभियुक्त द्वारा विभागीय जांच में सहयोग न करने एवं अपने पते व मोबाइल नम्बर बदलकर बिहार, पटना, गया, नालंदा एवं अन्य विभिन्न स्थानों में ठिकाने बदलकर रहने तथा थाना फतेहपुर जनपद गया में मु0अ0सं0-585/2023 धारा- 406/420 भा0द0वि0 पंजीकृत होना पाया गया। अभियुक्त के लगातार पते व मोबाइल नंबर बदलने व गिरफ्तारी से बचने के कारण पुलिस अधीक्षक चमोली द्वारा गिरफ्तारी हेतु 2500/-रू0 ईनाम की घोषणा की गयी थी।



गठित पुलिस टीम द्वारा जनपद नालंदा व गया में 07 दिन कैंप करने के पश्चात सर्विलांस सेल की टेक्निकल टीम द्वारा लोकेशन के आधार पर अभियुक्त के जनपद नालंदा में छुपे होने की सटीक जानकारी दी गयी। जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा अथक सार्थक प्रयास एवं ठोस सुरागरसी-पतारसी कर अभियुक्त उपरोक्त को मोगल कुआं थाना सो सराय जिला नालंदा से दिनांक 07.11.2023 को गिरफ्तार किया गया। जहाँ अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र शिवप्रसाद के नाम से अपनी पहचान छुपा कर रह रहा था। अभियुक्त को दिनांक 07 नवम्बर 2023 को मा0 न्यायालय मुख्य दण्डाधिकारी नालंदा के समक्ष प्रस्तुत कर 07 दिवस ट्रांजिट रिमांड के प्राप्त कर दिनांक 13.11.2023 को मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट गोपेश्वर के समक्ष पेश किया गया। जिसे मा0 न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार चमोली भेजा गया।

नाम पता अभियुक्त-

रवि रंजन पुत्र स्व. रंजीत प्रताप निवासी मोहल्ला छोटी पहाड़ी थाना सोसराया हाल पता मोहल्ला मोगलकुवां थाना सोसराया जनपद नालंदा उम्र 38 वर्ष।

# कोर्ट का फैसला : कुत्ते के काटने पर हर दांत के मिलेंगे 10 हज़ार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , अपने आसपास आप रोजाना कुत्ते के काटने की खबरें पढ़ते होंगे। कभी सड़क पर तो कभी कॉलोनी में और कभी पार्क में ऐसा हादसा होता रहता है। लेकिन इसका न कोई समाधान मिलता है और न पीड़ित को मुआवज़ा लेकिन कोर्ट ने एक फैसल देते हुए बड़ी राहत दी है। आवारा जानवरों से जुड़ी घटनाओं के मामले हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. फैसले में लोगों को मुआवजा देने के लिए राज्य को 'मुख्य रूप से जिम्मेदार' मानते हुए, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि कुत्ते के काटने से संबंधित मामलों में, वित्तीय मुआवजा न्यूनतम 10,000 रुपये प्रति दांत के निशान होगी. निशान और जहां त्वचा से मांस खींच गया होगा, वहां प्रति 0.2 सेमी घाव पर न्यूनतम 20,000 रुपये होंगे.

चार महीने के भीतर मिलेगा मुआवजा

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उच्च न्यायालय ने 193 याचिकाओं का निपटारा करते हुए पंजाब और हरियाणा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को इस तरह के मुआवजे का निर्धारण करने के लिए संबंधित जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में समितियां गठित करने का भी आदेश दिया.न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज की पीठ ने कहा कि 'आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा दायर किए जाने के चार महीने की अवधि के भीतर समितियों द्वारा मुआवजे की घोषणा की जाएगी. राज्य मुख्य रूप से मुआवजे का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार होगा और उसे राज्य की दोषी एजेंसियों/सहायकों या निजी व्यक्ति, यदि कोई हो, से इसकी वसूली करने का अधिकार होगा.'

पीठ ने निर्देश दिया कि फैसले की प्रतियां आवश्यक और त्वरित कार्रवाई और अनुपालन के लिए प्रमुख सचिव (गृह) के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशकों के कार्यालयों को भेजी जाएं. हाई कोर्ट उन घटनाओं और दुर्घटनाओं के लिए पीड़ितों या उनके परिवार के सदस्यों को मुआवजे के भुगतान से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जो आवारा, जंगली जानवरों के वाहन के सामने अचानक आने से हुई चोटों या मृत्यु के कारण हुई थीं.



# बॉडी में लगेगा सेंसर, हार्ट फेल होने से पहले देगा वार्निंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 नवंबर : हार्ट फेल होता है और किसी को भी पता नहीं चलता. समय से अस्पताल पहुंच भी गए तो डॉक्टरों को कुछ ही मिनट मिल पाता है, देरी हुई तो जीवन खत्म. मगर अब ऐसा नहीं होगा. साइंटिस्ट ने एक अनोखी चिप तैयार की है, जो हार्ट फेल होने से काफी पहले बता देगी कि कुछ दिक्कत हो रही है. आप डॉक्टर के पास जाएंगे और तुरंत इसका इलाज लेकर ठीक हो जाएंगे. डॉक्टरों के मुताबिक, 50 फीसदी मामलों में तो अस्पताल में इमरजेंसी में भर्ती होने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, कार्डियो एमईएमएस नाम के इस छोटे से सेंसर को दिल की ओर जाने वाली धमनियों में से एक में फिट किया जाता है. यह हर मिनट आपके ब्लड प्रेशर को मॉनिटर करता है. उसमें होने वाले उतार-चढ़ाव का पता लगाने में सक्षम है जो बिगड़ते स्वास्थ्य का संकेत दे सकता है. डॉक्टरों के मुताबिक, इंसान को हर सुबह एक तकिये पर लेटना होता है, जो इसके साथ कम्यूनिकेट करता है. लेटते ही यह आपके डॉक्टर को संकेत भेज देता है. बता देता कि फलां धमनी में किसी तरह की दिक्कत आ रही है।

मेडिकल जर्नल द लैंसेट में पब्लिक रिपोर्ट के अनुसार, इस डिवाइस का 348 लोगों पर परीक्षण किया गया. तकरीबन 18 महीने तक इन लोगों पर निगरानी रखी गई. नतीजे चौंकाने वाले थे. पता चला कि जिन लोगों में सेंसर इम्प्लांट किया गया था, उन लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की संभावना 44 फीसदी कम थी. हार्ट अटैक तब आता है जब हृदय को रक्त की आपूर्ति अचानक बंद हो जाती है. यह लाइलाज स्थिति है और इसमें मौत की संभावना सबसे ज्यादा होती है. डॉक्टरों के मुताबिक, जब हृदय की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं तो वह सही तरीके से रक्त को पंप नहीं कर पाता. यह मौत का कारण बनती है।

हार्ट फेल्योर की सबसे मुख्य वजह दिल का दौरा पड़ना है, जो मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाता है. हार्ट वाल्व, वायरल इंफेक्शन और जेनेटिक समस्या की वजह से भी हार्ट फेल हो सकता है.बुजुर्गों में हार्ट फेल होने की सबसे बड़ी वजह फेफड़ों के आसपास की नसों में हाई ब्लड प्रेशर को माना गया है.आमतौर पर सांस के रोगियों में यह दिक्कत ज्यादा होती है, क्योंकि शरीर ऑक्सीजन की डिमांड करता है और इसके लिए उन्हें तेज सांस लेने की जरूरत पड़ती है. भारत समेत दुनिया के कई देशों में लाखों लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं.



# मकान मालिक क्या समय से पहले खाली करा सकता है फ्लैट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , पिछले कुछ सालों में फ्लैट के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में अक्सर लोग अपनी प्रॉपर्टी को बेचने की जल्दबाजी करते हैं। इस बात का खामियाजा हमेशा किरायेदार को उठाना पडता है। क्यूंकि अक्सर मकान मालिक बिना एग्रीमेंट का समय पूरा हुए ही किराएदार पर मकान खाली करने का दबाव बनाने लगते हैं। ऐसे कई मामले बीते कुछ दिनों में देखे गए हैं, जिसमें मकान मालिक एग्रीमेंट का समय पूरा होने से पहले ही फ्लैट खाली करने की बात करते हैं। बेंगलुरु सहित देश के कई बड़े शहरों में ऐसे मामले देखे जा रहे हैं।

दरअसल आजकल रियल एस्टेट की कीमत आसमान छू रही हैं, ऐसे में मकान मालिक कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के लिए जल्दबाजी करते हैं और कीमतों में आए उछाल का फायदा उठाना चाहते हैं। इसलिए वे किराएदार पर घर खाली करने का दबाव बनाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या मकान मालिक, फ्लैट बेचने के लिए एग्रीमेंट के तय समय से पहले घर को खाली करवा सकता है? हालांकि इस मुद्दे पर अभी एक्सपर्ट के पास भी कोई सीधा-सीधा जवाब नहीं है।

कानूनी जानकारी और वकीलों के मुताबिक अगर एग्रीमेंट में ऐसा क्लॉज नहीं है, तो किराएदार ऐसी नोटिस पर रोक लगवाने के लिए सिविल कोर्ट में भी जा सकता है। इसके लिए उसे मकान मालिक को लीगल नोटिस भेजना होगा। लेकिन अगर एग्रीमेंट रजिस्टर्ड है, तो किराएदार के लिए घर खाली किए जाने के नोटिस को चैलेंज करना मुश्किल हो जाता है। अक्सर 11 महीने के रेंटल एग्रीमेंट में भी दोनों पार्टियां रजिस्ट्रेशन करने से बचती हैं। इससे स्टैंप ड्यूटी पर आने वाला बड़ा खर्च भी बच जाता है।

दरअसल हर लीगल डॉक्यूमेंट पर आपको स्टैंप ड्यूटी चुकाना जरूरी होता है। मकान मालिक और किराएदार अक्सर एक्स्ट्रा खर्च से बचने के लिए एग्रीमेंट करवाते ही नहीं है, ताकि उन्हें स्टैंप ड्यूटी न चुकानी पड़े। ऐसे मामले अगर कोर्ट में जाते हैं तो कैसे की सुनवाई से पहले ही किराएदार पर जुर्माना लगा दिया जाता है। कोर्ट चाहे तो मकान मालिक पर भी जुर्माना लगा सकता है। क्योंकि एग्रीमेंट पर मकान मालिक के हस्ताक्षर भी हैं और यह उसकी जिम्मेदारी है कि 11 महीने से ऊपर के एग्रीमेंट पर स्टैंप ड्यूटी चुकाई जाए।



# बेवकूफ, महा बेवकूफ, बेवकूफ नंबर वन और श्री बेवकूफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 नवंबर , अगर किसी को बेवकूफ कह दिया जाए तो उसे कैसा लगेगा. यह बात बताने की जरूरत नहीं है कि वह आगे क्या करेगा. लेकिन झारखंड राज्य के गिरिडीह जिला एक ऐसा जगह है जहां पर बेवकूफ एक ब्रांड है. इस शहर में बेवकूफ के नाम से कई होटल चल रहे हैं और सभी के नाम बड़े ही मजेदार हैं. मसलन- बेवकूफ, महा बेवकूफ, बेवकूफ नंबर वन और श्री बेवकूफ. इन होटलों के नाम जितने ही मजेदार और दिलचस्प हैं उतने ही मजेदार और गुणवत्तापूर्ण भोजन कम दामों में भोजन खिलाया जाता है. यहां पर मटन, मछली, अंडा से लेकर शाकाहारी भोजन तक उपलब्ध है. लेकिन इन बेवकूफ होटलों के सबसे फेमस खाना नॉनवेज है. ग्राहक अक्सर यहां पर नॉन वेज खाना पसंद करते हैं.




आपको बता दें कि इन होटलों के अजीबोगरीब नाम की वजह से लोगों में यहां पर खाना खाने की दिलचस्पी पैदा होती है और लोग यहां पर शौक से आते हैं खाना खाने के लिए. जिले के बाहर से कोई भी लोग आते हैं तो लोग होटल बेवकूफ में उन्हें लेकर आते हैं और खाना खिलाते हैं और यहां के मजेदार किस्से सुनाते हैं.

आपको बता दें कि होटल बेवकूफ नाम रखने के पीछे एक बहुत ही दिलचस्प कहानी है. सबसे पहला बेवकूफ होटल के संचालक बीरबल प्रसाद ने बताया कि लगभग 50 वर्षों से बेवकूफ होटल चल रहा है. एक बार कुछ लोग यहां पर आए हुए थे और खाना खाकर पैसा दिए बगैर चले गए, बाद में होटल संचालक को पता चला कि वे लोग हमें बेवकूफ बना कर चले गए तो उन्होंने खुन्नस में होटल का नाम ही बेवकूफ रख दिया. जिसके बाद यह होटल चल पड़ा. ग्राहक खाना खाने के लिए यहां पर टूट पड़ते हैं. बेवकूफ ब्रांड की इस पॉपुलैरिटी को देखते हुए और भी बेवकूफ नाम के होटल खोल दिए गए हैं. बेवकूफ नंबर वन, महा बेवकूफ, श्री बेवकूफ वगैरह.




# उत्तराखंड में अगले 24 घंटे कैसा रहेगा मौसम



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 15 नवंबर : उत्तराखंड में दिवाली से ठीक पहले मौसम ने करवट बदली है। केदारनाथ व बदरीनाथ धाम सहित चार धामों में बर्फबारी हो रही है। जिससे इन क्षेत्रों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरे खिले हुए हैं, लेकिन स्थानीय लोग परेशान हैं। केदारनाथ में बीती शाम लगभग तीन बजे से पूरी रात बर्फबारी होती रही, जो सुबह लगभग दस बजे थमी। ठंड के चलते केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य भी काफी प्रभावित हो रहे हैं। केदारनाथ धाम से पांच किमी नीचे तक करीब डेढ़ फीट बर्फ जम गई है। ठंड बढ़ने से पानी भी नलों में जमने लगा है। केदारनाथ हेलीपैड पर डेढ़ फीट तक बर्फ जम गई है। इससे पूरे दिन हेली सेवाएं ठप रही। यहां तापमान भी माइनस आठ डिग्री तक पहुंच गया है। बदरीनाथ धाम में भी बर्फबारी हो रही है। चमोली जिले में शुक्रवार सायं को हेमकुंड साहिब, औली व बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों में जमकर बर्फबारी हुई। दूसरी ओर उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री व यमुनोत्री धाम सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी होने से आसपास के निचले इलाकों में ठंड काफी बढ़ गई है। गंगोत्री में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। पहाड़ों में गिरी बर्फ का असर मैदानी इलाकों में भी महसूस किया जा रहा है। मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहा, लेकिन दिनभर ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में प्रदेश के बागेश्वर व पिथौरागढ़ में कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना है। मैदानी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। अगर आप चारधाम यात्रा पर जा रहे हैं तो अपने साथ गर्म कपड़े और जरूरी दवाएं जरूर रखें।

## कांग्रेस ने किया पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद

चमोली। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल को उनके जन्मदिन पर चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाव पूर्ण स्मरण किया। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द सिंह पंवार ने बताया जिला मुख्यालय गोपेश्वर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनों द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस -बाल दिवस पर उन्हें याद किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पसुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते ?हुए देश की आजादी के लिए उनके ?योगदान तथा देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में की गई लम्बी सेवाओं का आख्यान किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सजवांण, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, पूर्व दायित्वधारी युद्धवीर बत्र्वाल, जिलाध्यक्ष महिला ऊषा रावत, जिलाध्यक्ष विधि भरतसिंह रावत,जिला उपाध्यक्ष भगत कनियाल, धीरेन्द्र गरोडिया,विक्रम नेगी, जिला प्रवक्ता महेंद्र नेगी, जिला सचिव मन मोहन ओली, वीरेंद्र बत्र्वाल, भक्त दर्शन बिष्ट, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री जयवीर नेगी, गोपाल रावत, नगर अध्यक्ष अनुजाति मदनलाल, नगर अध्यक्ष महिला अंजू राणा, नगर महामंत्री, सचिव मदन लोहानी, विक्रम शाह और ब्लाक प्रचार मंत्री दर्शन झिंक्वाण आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए 10 को सीएम आवास पर धरना

पौड़ी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई है। मोर्चा 21 से 28 नवंबर के बीच जिलाधिकारियों के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए सीएम को मांग पत्र भेजेगा। 30 नवंबर को कमिश्नर के माध्यम से राज्यपाल को पुरानी पेंशन के लिए मांग पत्र प्रेषित करेगा। इसके बाद 1 दिसंबर से 9 दिसंबर तक कार्यालयों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास पर धरने का आयोजन किया जाएगा। मोर्चा के प्रांतीय महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि नई पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के साथ छलावा है। 35 से 40 वर्ष की सेवा करने के बाद 70 से 80 हजार वेतन ले रहा कर्मचारी 1 हजार भी पेंशन नहीं ले पा रहा है। सरकार को इस योजना को बंद करके वास्तविक पेंशन योजना पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना चाहिए। कहा कि मोर्चा इस

# उत्तराखंड : डाक विभाग में निकली 1899 पदों पर भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 नवंबर : सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। भारतीय डाक विभाग में भर्ती निकली है। डाक विभाग, संचार मंत्रालय ने इंडिया पोस्ट भर्ती-2023 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो उम्मीदवार विभिन्न पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे डीओपीएस स्पोर्ट्स भर्ती की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के माध्यम से 1800 से ज्यादा रिक्तियों को भरा जाएगा। इंडिया पोस्ट स्पोर्ट्स कोटा भर्ती-2023 अभियान के माध्यम से पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, पोस्टमैन, मेल गार्ड और मल्टीटास्किंग पदों पर कुल 1899 खाली पद भरे जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन मोड में करना होगा।ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 नवंबर से शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 09 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 10 से 14 दिसंबर तक एप्लीकेशन करेक्शन का मौका दिया जाएगा। कुल कितने पदों पर भर्ती निकली है, ये भी बताते हैं। भर्ती के माध्यम से पोस्टल असिस्टेंट के 598 पद, शॉर्टिंग असिस्टेंट के 143 पद, पोस्टमैन के 585 पद, मेल गार्ड के 03 पद और मल्टीटास्किंग के 570 पद भरे जाएंगे। कुल 1899 पदों पर भर्ती होनी है। ज्यादा जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट dopsportsrecruitment.cept.gov पर विजिट करें। यहां आपको भर्ती से जुड़ी हर जानकारी मिलेगी।



# बिजली बिल आने लगेगा बेहद कम, जान लें ये जरूरी टिप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 नवंबर :घर के खर्चों में एक बड़ा हिस्सा बिजली बिल का भी होता है. क्योंकि, टेक्नोलॉजी के जमाने में घर में काफी सारे इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेज इस्तेमाल होते हैं. हालांकि, कुछ बातों को ध्यान में रखकर काफी सारी बिजली बचाई जा सकती है. क्योंकि, जाने-अनजाने में हम अक्सर ऐसी गलतियां करते रहते हैं, जिनसे बिजली बेमतलब कंज्यूम होती रहती है। यहां हम आपको कुछ ऐसी बातें बताने जा रहे हैं, जिनका अगर आप होम अप्लायंस इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें तो काफी बिजली बचाने में मदद मिलेगी. साथ ही आपको छोटी-छोटी आदतों में बदलाव भी करना होगा.




जब भी किसी कमरे से बाहर निकलें देख लें कि वहां कोई लाइट या फैन तो नहीं ऑन है. कोशिश करें कि बिना वजह कोई भी होम अप्लायंस इस्तेमाल न हो रहा हो. साथ ही टीवी जैसे अप्लायंस को इस्तेमाल न होने पर केवल रिमोट से ऑफ कर न छोड़ें. पूरी कोशिश करें उसका स्विच ऑफ हो जाए।

जितनी ज्यादा रेटिंग वाला अप्लायंस हो वो उतनी ही ज्यादा बिजली बचाने में मदद करता है. ऐसे में जब भी नया अप्लायंस खरीदें कोशिश करें कि उसकी 5 या कम से कम 3 हो ,अगर आपके घर में अभी भी पुरानी तरह के बल्ब इस्तेमाल हो रहे हों तो उन्हें बदलकर LED बल्ब इस्तेमाल करना शुरू कर दें. क्योंकि, ये न सिर्फ लंबे समय तक चलते हैं. बल्कि खूब बिजली बचाने में भी मदद करते हैं. इनमें रोशनी भी भरपूर मिलती है. घर में फ्रिज का इस्तेमाल करने पर बिजली बिल का एक बड़ा हिस्सा इसी से आता है. ऐसे में सबसे पहले ये सुनिश्चित करें कि फ्रिज का तापमान उचित हो. उदाहरण के तौर पर बात करें तो सैमसंग के फ्रिज में ठंड, गर्मी और बरसात सबके लिए मोड मिलता है. उसी तापमान में फ्रिज का इस्तेमाल करें. इससे बिजली बचाने में काफी मदद मिलेगी। काफी लोगों की आदत होती है कि एसी ऑन करते ही इसे 18 या 19 डिग्री पर सेट कर देते हैं. लेकिन, एक्सपर्ट्स मानते हैं कि एसी को 24 डिग्री पर रखना चाहिए. इससे काफी बिजली बचती है और ये इंसानी शरीर के लिए भी काफी अच्छा होता है.

## सेलाकुई में बसों का इंतजार करते रह गए लोग

विकासनगर। त्योहारी सीजन में बसों की कमी के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भैयादूज पर बड़ी संख्या में लोग बहनों को मिलने के लिए उनके घर जाने के लिए सेलाकुई बाजार में घंटों तक बसों का इंतजार करते रहे। लेकिन बसें पहले ही यात्रियों से खचाखच भरी होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई के उद्योगों में काम करने वाले सैकड़ों कामगारों को भैयादूज पर बहनों को मिलने के लिए पीलीभीत, बरेली, शाहजांहपुर, लखीमपुर खीरी, विहार आदि क्षेत्रों को जाने के लिए बसों में बैठने के लिए सेलाकुई बाजार पहुंचे। जहां से उन्हें आईएसबीटी व रेलवे स्टेशन जाना था, लेकिन बसों की कमी के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विकासनगर से देहरादून के लिए जाने वाली बसें पहले ही यात्रियों से भरी मिली। जिनमें भारी भीड़ के चलते बसों में जगह नहीं मिली। जिसके चलते लोगों को दो घंटे तक बसों का इंतजार करना पड़ा। कामगार पूनम व रश्मि का कहना है कि वह अपने भाई को मिलने लखीमपुर खीरी जा रही हैं, लेकिन बस नहीं मिल रही, जो बसें आ रही हैं उनमें जगह नहीं है। संजय, कार्तिक, राजवीर, सुनील, खुशबू व मयंक का कहना है कि बहन को मिलने जा रहे हैं लेकिन जाने के लिए बसें नहीं मिल रही हैं।

## आज खुलेंगे पर्यटकों हेतु मोतीचूर रेंज के द्वार

ऋषिकेश। राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज के प्रवेश द्वार पर्यटकों के लिए बुधवार सुबह से खोल दिए जाएंगे। वन्यजीव प्रेमी पर्यटक यहां पार्क रेंज में जंगल सफारी का भी आनंद उठाएंगे। मोतीचूर रेंज अधिकारी एमपी सेमवाल ने बताया कि बुधवार की सुबह विधिवत रूप से रेंज का प्रवेश द्वार पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। वन्यजीव प्रेमी पर्यटक यहां जंगल सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। पार्क में पर्यटकों को प्रवेश द्वार से अधिकृत खुली जीप में प्रवेश शुल्क चुकाने के बाद प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। पर्यटकों को रेंज में हिरण, गुलदार, हाथी और टाइगर आदि कई अन्य प्रजाति के वन्यजीवों को निहारने का मौका मिलेगा।

## राजमिस्त्री की संदिग्ध हालात में मौत

ऋषिकेश। प्रतीतनगर ग्राम सभा निवासी एक राजमिस्त्री की संदिग्ध हालात में एम्स में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पूछताछ में राजमिस्त्री के जहरीला पदार्थ खाने की बात कही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। रायवाला थानाध्यक्ष होशियार सिंह के मुताबिक प्रतीतनगर निवासी 33 वर्षीय राजमिस्त्री नर बहादुर की मंगलवार को तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर एम्स पहुंचे। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने नर बहादुर को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नर बहादुर की जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## संपादकीय

# चुनावी हवा का रुख


प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि वह 'हवा का रुख' पढने में सक्षम हैं। यह दावा छत्तीसगढ़ चुनाव के संदर्भ में किया गया। प्रधानमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि कांग्रेस सरकार की 'चला-चली' की बेला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी चुनाव हार रहे हैं। दरअसल यह चुनावी मौसम का दौर है। कांग्रेस नेता भी दावे कर रहे हैं कि भाजपा की करारी पराजय होगी। कांग्रेस पांचों राज्यों में विजयी होने के भी दावे कर रही है। बेशक प्रधानमंत्री को 'हवा के रुख' की जानकारी रहती है, क्योंकि सभी स्तरों पर खुफिया एजेंसियां उन्हें ब्रीफ करती हैं। जो खुफिया लीड्स प्रधानमंत्री तक पहुंचती हैं, उनमें चुनावी आकलन भी शामिल होते हैं, लेकिन खुफिया विश्लेषण चुनाव के संदर्भ में गलत भी होते रहे हैं। बेशक प्रधानमंत्री मोदी को सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है, लेकिन कई राज्यों में वह 'हवा का रुख' पढने में नाकाम साबित हुए हैं। भाजपा कर्नाटक, हिमाचल, पंजाब आदि राज्यों के विधानसभा चुनाव हार गई, जबकि प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के स्टार प्रचारक थे। उन्होंने खूब जनसभाओं को संबोधित किया। उनके 'रोड शो' भी आयोजित किए गए और उन्हें जनता का जबरदस्त समर्थन मिलता भी दिखाई दिया, लेकिन भाजपा पराजित हो गई। भाजपा पंजाब के पड़ोसी राज्य हरियाणा में सत्तारूढ़ है और हिमाचल में भी उसकी सत्ता हर पांच साल बाद आती रही है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा आज तक पंजाब की राजनीतिक और चुनावी 'हवाओं का रुख' नहीं जान पाए हैं, ताकि वे चुनावी प्रतिद्वंद्विता में शामिल रह सकें। अकाली दल के साथ गठजोड़ कर चुनाव लडने की बात और है, लेकिन पंजाब में अकेली भाजपा लगभग 'शून्य' है। तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश आदि दक्षिणी राज्यों में भाजपा आज भी लगभग गायब है, जबकि वह केंद्र सरकार में साढ़े नौ साल शासन कर चुकी है और आम चुनाव तक 10 साल पूरे कर लेगी। 2024 के आम चुनाव के जनादेश के प्रति भी भाजपा और प्रधानमंत्री आशान्वित हैं। देश के कई राज्यों में नरेंद्र मोदी पार्टी संगठन के प्रभारी महासचिव रह चुके हैं। वहां आरएसएस की शाखाएं भी हैं। वह समर्थन भी भाजपा के साथ है और उन राज्यों में हिंदू वोट बैंक भी व्यापक और सुदृढ़ है, लेकिन वहां के हिंदू, ओबीसी और दलित आदि भाजपा के पक्ष में, चुनावी तौर पर, धुरवीकृत नहीं होते। उन राज्यों की 'हवाओं का रुख' प्रधानमंत्री मोदी क्यों नहीं पढ़ पाते? तेलंगाना में भाजपा खूब सक्रिय थी और सत्ता के लिए भरपूर कोशिशें कर रही थी, लेकिन संगठन में अचानक कुछ हुआ अथवा 'हवा का रुख' बेहद विपरीत लगा, लिहाजा कोशिशें शिथिल पड़ गईं। अब 3 दिसंबर को स्पष्ट हो जाएगा कि किस पार्टी को, किस राज्य में कितना, जनादेश हासिल हुआ? वैसे राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकारें बनने के आसार हैं और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की ही सरकार बरकरार रह सकती है। अभी तक जितने भी सर्वेक्षण किए गए हैं और जो भी उनके निष्कर्ष रहे हैं, उनमें भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हिस्से में ही है। इसका बुनियादी कारण यह है कि विपक्ष में होने के बावजूद भाजपा पूरे पांच साल निष्क्रिय दिखाई दी है। डॉ. रमन सिंह लगातार 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन विपक्ष में आते ही उन्हें भी हाशिए पर धकेल दिया गया। हालांकि वह अब भी चुनाव लड़ रहे हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# कोटद्वार खोह नदी की सफाई के काम को मिली मंजूरी






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 नवंबर , उत्तराखण्ड राज्य को नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी जल प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगभग 135 करोड रूपए की लागत परियोजना को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की 52 वीं कार्यकारी समिति की बैठक में सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है।

**■ सीएम ने प्रधानमंत्री और जल शक्ति मंत्री का आभार जताया**

स्वीकृत परियोजना में उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र के कोटद्वार शहर में बहने वाली खोह नदी में गिरने वाले 09 नालों को टैप करने एवं 21 एम.एल.डी. सीवेज शोधन संयंत्र के निर्माण की स्वीकृति हेतु सहमति (लागत- लगभग 135 करोड़) प्रदान की गई है। खोह नदी कोटद्वार नगर से बहते हुये रामगंगा नदी में मिलती है, जो कि आगे चलकर गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदी है। परियोजना के निर्माण से खोह एवं रामगंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में तो सुधार होगा ही साथ ही साथ गंगा नदी में दूषित जल का प्रवाह रूकेगा। जी. अशोक कुमार, महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में उत्तराखण्ड राज्य से अरविन्द सिंह ह्यांकी, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता, रणवीर सिंह चौहान कार्यक्रम निदेशक एसपीएमजी, उत्तराखंड द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

## जिला कांग्रेस ने मेधावियों को किया सम्मानित

कोटद्वार। जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन पर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए उनके योगदान को याद किया गया। पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पं. नेहरू जहां आजादी के संघर्ष में योगदान देते हुए जेल गए वहीं देश के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने गुट निरपेक्ष आंदोलन व पंचशील सिद्धांत से विश्व पटल पर अपना लोहा मनवाया। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर स्थान बनाने पर दीक्षा, सुशांत नेगी, अभिषेक असवाल और अवनी नेगी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रंजना रावत, नीलम रावत, शंकेश्वर सेमवाल, मनवर सिंह आर्य, ओम प्रकाश कोटला, गुड्डू सिंह चौहान, दीपेंद्र भंडारी, प्रवेश रावत और बलबीर सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

कोटद्वार। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन पर मंगलवार को कोटद्वार के विद्यालयों कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके योगदान को याद किया गया। शांतिबल्लभ मेमोरियल इण्टर कालेज मानपुर में बाल दिवस पर प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को समर्पित क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत नर्सरी वर्ग की म्यूजिकल रेस में ओम पहले, प्रियांशी दूसरे और अराध्या तीसरे स्थान पर रही। फ्राग रेस में बिलाल पहले, उमर दूसरे और पीयूष तीसरे स्थान पर रहा। प्राइमरी वर्ग की खो-खो में टीम बी ने पहला और टीम ए ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अनश ने पहला और मयंक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में दिव्यांशी नेगी पहले और अलीना दूसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में सुधांशु और बालिका वर्ग में अनस ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# धामी के नेतृत्व में एसएसपी अजय सिंह ने खोद निकाले रिलायंस के लुटेरे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






- चुनौती जीतने के करीब पहुंचे दबंग कप्तान अजय सिंह , जारी है पूछताछ
- गैंग ने कई राज्यों में कई संगीन घटनाओं को दिया गया था अंजाम
- गैंग लीडर सुबोध , सहयोगी गैंगो पर दो दर्जन से अधिक मामले पंजीकृत
- महाराष्ट्र पुलिस अभियुक्त सुबोध को पुलिस कस्टडी में लायी लातूर

देहरादून , 15 नवंबर , बीते दिनों देहरादून में रिलायन्स ज्वैलरी शो-रूम में हुई 14 करोड मूल्य की ज्वैलरी लूट की घटना में पुलिस द्वारा चिन्हित संदिग्ध गैंग में शामिल अभियुक्तों की धरपकड़ हेतु विभिन्न प्रांतो को टीमें रवाना की गई है। उक्त गैंग के सरगना सुबोध कुमार द्वारा बिहार जेल के अंदर से ही अपने गैंग को आपरेट करने तथा अपने सहयोगी गैंगो से संपर्क में रहने की जानकारी प्राप्त हुई। उक्त गैंग द्वारा अब तक विभिन्न प्रदेशों में कई संगीन वारदातों को अजांम दिया गया है, गैंग के सरगना सुबोध कुमार व उसके सहयोगी गैंगो ऊपर विभिन्न राज्यों में कई आपराधिक अभियोग पंजीकृत है।

जैसे ही राजधानी में दिन दहाड़े ये लूटकांड सामने आया , उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पुलिस को जल्द से जल्द खुलासे और अपराधियों की धरपकड़ की हिदायत दी थी जिसको बेहद शार्प और साइबर एक्सपर्ट आईपीएस और देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने अपने लिए चुनौती और टीम के लिए मिशन मानकर सख्त एक्शन लेना शुरू किया था जिसका अब ये असर दिख रहा है कि जल्द ही इस लूटकांड का खुलासा करने के करीब है एसएसपी अजय सिंह की टीम -

मोडस ऑपरेंडी :-

अभियुक्त सुबोध कांत व उसके सहयोगी गैंग द्वारा फाइनेंस कंपनियों, ज्वेलर्स शोरूम तथा बैंकों को टारगेट करते हुए हथियारों के दम पर लूट की घटनाओं का अंजाम दिया जाता है। गैंग के सरगना सुबोध कुमार को महाराष्ट्र पुलिस द्वारा पुलिस कस्टडी रिमांड पर लातूर लाया गया है, जहां दून पुलिस की टीम द्वारा अभियुक्त सुबोध से पूछताछ की जा रही है। गैंग सरगना सुबोध सिंह उर्फ छोटू उर्फ दिलीप सिंह पुत्र ईश्वरी सिंह निवासी चिश्तीपुर चंडी थाना चंडी जिला नालंदा का आपराधिक इतिहास भी जान लीजिये -



1- मु0अ0सं0: 315/09, धारा 397 भा०द०वि० एवं 25/27 आर्म्स एक्ट थाना डी0डी0 नगर, रायपुर (छतीसगढ़) 2. मु0अ0सं0: 40 / 10, धाराः 395 भा0द0वि० एवं 25/27 आर्म्स एक्ट देवेन्द्रनगर (छत्तीसगढ़ रायपुर) 3- मु0अ0सं0: 576/16, दिनांक 29.09.16 धारा-395, 397 भादवि एवं 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जरीपट्टीका महाराष्ट्र (नागपुर) (मन्नपुरम में 29 किलो सोना लूट)4- मु0अ0सं0: 960/16, दिनांक-30.12.16, धारा-394 भा0द0वि० एवं 25/26 आर्म्स एक्ट थाना बैरकपुर बडानगर (प0 बंगाल) (मन्नपुरम में 21.750 किलो सोना लूट)5- मु0अ0सं0: सं0-477/17, दिनांक-21.07.17, धारा-392/34 भा०द०वि०, परि० धारा-395 भा०द०वि० थाना मानसरोवर (द०जयपुर, राजस्थान) थाना (मुथुट फाईनेंस में 26-27 लाख की लूट)6- मु0अ0सं0: 387/17, दिनांक-23.12.17 धारा-395/397 भा० द०वि० एवं 25 / 27 आर्म्स एक्ट थाना हीरापुर (आसनसोल, पं० बंगाल) (लगभग 56 किलो सोना लूट) 7- मु0अं0सं0: 86/17, दिनांक-23.02.17, धारा-394, 397 भादवि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट थाना बनियापुर (कलकता पार्क स्ट्रीट) 8- मु0अ0सं0-346/17 धारा-392 भा०द०वि० दिनांक 05.06.17 थाना दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) 9- मु0अ0सं0: 07/17, धारा-395/397 मा०द०वि० एवं 25 आर्म्स एक्ट दिनांक 04.01.17, थाना अम्बिकापुर (छतीसगढ़) 10- मु0अ0सं0: 275/17 धाराः 398/324 भा0द0वि0 एवं 25/17 आर्म्स एक्ट थाना चटर्जीहाट (पश्चिम बंगाल) 11- मु0अ0सं0: 518 / 17 धारा 379 भा०द०वि० थाना सिपरापथ, जयपुर (राजस्थान ) 12- मु0अ0सं0: 18/18 धारा 25 ( 1-ए) / 25 (1-बी) / 26/35 आर्म्स एक्ट थाना राजीव नगर (पटना) 13- मु0अ0सं0: 22/18 धारा 353/307/427/341 भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) /26/27/ 35 आर्म्स एक्ट थाना रूपसपुर (पटना) 14- मु0अ0सं0: 23/18 दिनांक 412/468/471/420/34 भा0द0वि० थाना रूपसपुर (पटना) 15- मु0अ0सं0: 466/19 दिनांक 19.07.19 धारा 341/342/307/34 भा0द0वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट थाना हाजीपुर टाउन बिहार 16- मु0अं0सं0: 411/19 अम्बाद, नासिक (महाराष्ट्र) 17- मु0अ0सं0: 04/20 दिनांक 03.01.20 धारा 302/120बी/27 आर्म्स एवं 52 प्रिजनर एक्ट थाना हाजीपुर सदर बिहार 18- मु0अ0सं0: 05/20 दिनांक 03.01.20 धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट एवं 52 प्रिजनर एक्ट थाना हाजीपुर सदर बिहार19- मु0अ0सं0: सं0 21/09 दिनांक 19.01.2009 धारा 395/397 भा० द०वि० एवं 50/27 आर्म्स एक्ट थाना बगुआती (देशबन्धु बाजार, कोलकत्ता) (आई०ओ०बी० बैंक 18-19 लाख लूट)20- मु0अ0सं0: 420/22 दिनांक 04.07.22 धारा 395 भा0द0वि0 थाना भिवाड़ी (राजस्थान) (एक्सीस बैंक लूट मे 90 लाख नगद एवं 25-30 लाख सोना) 21- मु0अ0सं0: 660/22 दिनांक 29.08.22 धारा 395 भा०द०वि० थाना प्रतापनगर (उदयपुर, राजस्थान) (मन्नपुरम गोल्ड, सोना 24 किलो० एवं नगद 11 लाख)22- मु0अ0सं0: 336/22 दिनांक 26.11.22 धारा 395 भा0द0वि० थाना रंगनाथ (कटनी, म०प्र०) (मन्नपुरम गोल्ड, सोना- 16 किलो० एवं नगद - 05 लाख)

अभियुक्त व उसके सहयोगियों के विरुद्ध विभिन्न राज्यो में और भी अभियोग पंजीकृत है, जिसकी जानकारी की जा रही है।

**गैंगो द्वारा विभिन्न राज्यों में की गयी बड़ी घटनाओं का विवरण:**

01: पश्चिमी बंगाल:

1- पुरूलिया में 02 ज्वैलरी शोरूम में 08 करोड रू0 के आभूषणों की लूट2- रायगंज में रिलाइंस ज्वैलरी शोरूम में करोड़ो के आभूषणों की लूट3- हुगली में 15-09-22 को 10 करोड रू0 मूल्य के 20 किलो सोने की लूट 4- आसनसोल में दिनांक: 20-01-20 को गणपति ज्वैलर्स में में 05 करोड़ कीमत की ज्वैलरी की लूट 5- बडानगर में मन्नपुरम गोल्ड में 11 करोड़ कीमत के 22 किलो सोने की लूट6- आसनसोल में 23-12-17 में मुथूट फाइनेंस में 14 करोड़ कीमत के 27 किलो सोने की लूट

02: महाराष्ट्र:

1- सांगली में रिलायंस ज्वैलरी शो रूम में दिनांक: 04-06-23 को 14 करोड के आभूषणों की लूट2- लातूर में ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास।3- नागपुर में मन्नूपुरम गोल्ड में 15 करोड कीमत के लगभग 29 किलो सोने की लूट।

03: बिहार:

1- पटना में पंचवटी ज्वैलर्स मे 05 जून 2019 को 05 करोड रू0 कीमत की ज्वैलरी की लूट।2- धनबाद में 25-04-23 को फाइनेंस कम्पनी में लूट का प्रयास।

04: मध्य प्रदेश:

1- कटनी में दिनांक: 26-11-22 को मन्नूपुरम गोल्ड में 08 करोड कीमत के 16 किलो सोने व 05 लाख नगदी की लूट

05: राजस्थान:

1- प्रतापनगर उदयपुर में दिनांक: 29-08-22 को मन्नूपुरम गोल्ड में 12 करोड कीमत के 24 किलो सोने व 11 लाख नगदी की लूट 2- भिवाडी में एक्सिस बैंक में 90 लाख नगदी व 30 लाख कीमत के सोने की लूट।3- मानसरोवर में मुथुट फाइनेंस में 27 लाख की लूट।

# नैनीताल : रॉकेट की चिंगारी ने लिया विकराल रूप , जला तीन मंजिला मकान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





नैनीताल 15 नवंबर : नैनीताल में रॉकेट की चिंगारी से निकली आग ने एक तीन मंजिला भवन में आग लगा दी। घटना मल्लीताल स्थित बेकरी कंपाउंड की है। जहां रात लगभग साढ़े 12 बजे एक एक तीन मंजिले भवन में आग लग गई। ये हादसा जिस जगह हुआ, वो आबादी वाला क्षेत्र है। यहां पर रामकिशोर बेदी का तीन मंजिला मकान है। बीती रात एक रॉकेट आकर गिरा, जिसके बाद मकान में आग लग गई।

स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी, जिसके बाद 100 मीटर दूर बने अग्निशमन कार्यालय से टीम पहुंच गई । इसके बावजूद आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। दरअसल अग्निशमन विभाग की टीम कई घंटों तक पानी की लाइन ढूंढती रही, इसी में समय बर्बाद हुआ और आग विकराल होती चली गई। बाद में किसी तरह आग बुझाने की कवायद शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पानी की लाइनों में पानी ही नहीं आया, जिससे आग बुझाने में काफी परेशानी हुई।

इतना ही नहीं मकान तक पहुंचने का रास्ता संकरा होने के कारण अलग-अलग जगहों से पानी लिया गया। खैर कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन वहां रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत ये रही कि घटना के वक्त घर में कोई सो नहीं रहा था, वरना जनहानि हो सकती थी। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं।

## श्रीजयराम आश्रम में हुआ गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में गोवर्धन पूजा महोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। यहां सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों और आश्रमों में भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई। मंगलवार को श्रीजयराम आश्रम में अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत प्रातःकाल भगवान गोवर्धन की विधिवत पूजा अर्चना के बाद 56 भोग लगाये गये। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विशेष आरती कर देश प्रदेश की उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोगों के लिये गोवर्धन पूजा अत?यंत के महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है। आज के दिन भगवान कृष?ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा का विधान है। जयराम आश्रम के पीठाधीश्वर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली में धारण करके समस्त ब्रज वासियों की रक्षा की थी। उन्होंने इस कर्म के पीछे अहंकार के अंत का भी संदेश दिया था। यह करके उन्होंने इंद्रदेव के अहंकार को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति त्योहार और पर्वों के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। मौके पर आचार्य मायाराम शास्त्री, प्रदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, भरत मन्दिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य, हर्षवर्धन शर्मा, वरुण शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष दीप शर्मा, जगमोहन सकलानी, गंगाराम आडवानी, अशोक शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, विनय सारस्वत, मदन मोहन शर्मा, जगमोहन सकलानी, बचन पोखरियाल, विशन खन्ना, अशोक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। मायाकुंड स्थित श्रीकृष्ण कुंज आश्रम, प्राचीन सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर आदि जगहों पर भी गोवर्धन पूजा की गई। यहां पूजा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का विरतण किया गया।

## डोईवाला में सैनिक स्कूल खोले सरकार

ऋषिकेश। डोईवाला के पूर्व सैनिकों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से डोईवाला में ईसीएचएस हॉस्पिटल और सैनिक स्कूल खोलने की गुहार लगाई। मंगलवार को उत्तराखंड पूर्व सैनिक संगठन डोईवाला के सदस्यों ने देहरादून में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रानीपोखरी में सैनिक कैंटीन खोलने पर धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। संगठन ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन आनंद सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डोईवाला क्षेत्र में ईसीएचएस हॉस्पिटल और सैनिक स्कूल खोला जाए।